प्रादेशिक समाचार
दिनांक–13.10.2025 (सुबह–0830 बजे)

मुख्य समाचार

1. **भाजपा द्वारा "आत्मनिर्भर भारत" सम्मेलन दुमका में आयोजित, केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा– प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश का आत्मनिर्भर भारत के युग में प्रवेश।**
2. **हजारीबाग के विनोबा भावे विश्वविद्यालय में "विकसित भारत 2047" पर राष्ट्रीय सेमिनार का हुआ आयोजन, झारखंड– बिहार के संसाधनों के सतत उपयोग पर हुई चर्चा।**
3. **रांची के सेंट जेवियर्स कॉलेज में "संविधान में आदिवासी अधिकार बनाम जमीनी हकीकत" पर हुई परिचर्चा, आदिवासी संस्कृति और सरना धर्म कोड पर न्याय की रखी गई मांग।**
4. **राज्य में मॉनसून लौटने के कगार पर, अगले तीन दिनों तक मौसम में बड़े बदलाव की संभावना नहीं।**
5. **खेलो झारखंड के तहत राज्यस्तरीय इंडियन राउंड तीरंदाजी प्रतियोगिता का कल रांची में हुआ समापन, रांची जिला बना चैंपियन।**

और अब समाचार विस्तार से

****

भारतीय जनता पार्टी की ओर से उपराजधानी दुमका में विधानसभा स्तरीय आत्मनिर्भर भारत" सम्मेलन का आयोजन किया गया। केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी इस सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश आत्मनिर्भर भारत के युग में प्रवेश कर चुका है और वोकल फॉर लोकल अभियान के तहत स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग को बढ़ावा दिया जा रहा है।

****

हजारीबाग के विनोबा भावे विश्वविद्यालय में "विकसित भारत 2047" के संकल्प के तहत दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन किया गया। "बिहार एवं झारखण्ड के संसाधनों का सतत उपयोग" विषय पर आयोजित इस कार्यक्रम में देशभर के विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों के भूगोलवेत्ता और शोधार्थी शामिल हुए। वक्ताओं ने झारखंड और बिहार के प्राकृतिक संसाधनों के प्रभावी उपयोग के माध्यम से भारत को विकसित राष्ट्र बनाने पर चर्चा की। इस अवसर पर कुलपति प्रो. (डॉ.) चंद्र भूषण शर्मा ने कहा कि इस तरह के आयोजन सभी विभागों में होने चाहिए ताकि अनुशासन और अकादमिक समृद्धि को बढ़ावा मिले।

****

रांची के सेंट जेवियर्स कॉलेज में "संविधान में आदिवासी अधिकार बनाम जमीनी हकीकत" विषय पर आयोजित परिचर्चा में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय मीडिया चेयरमैन पवन खेड़ा शामिल हुए। कार्यक्रम में कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की, प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, पूर्व

मंत्री गीता उरांव और वरिष्ठ नेता बंधु तिर्की भी उपस्थित थे। इस मौके पर पवन खेड़ा ने कहा कि आदिवासियों की पहचान, भाषा, भोजन और संस्कृति पर लगातार हमले हो रहे हैं।

****

रांची जिले में दीपावली और छठ महापर्व के दौरान विधि व्यवस्था बनी रहे, इसके लिए जिला प्रशासन ने तैयारियां शुरू कर दी है। विस्तृ त ब्योरा दे रहे हैं हमारे संवाददाता –

****

रांची में ऑल इंडिया इंडियन बैंक पेंशनर्स रिटायरीज एसोसिएशन का त्रैमासिक सम्मेलन आयोजित किया गया। सम्मेलन में इंडियन बैंक के अवकाश प्राप्त अधिकारियों ने विभिन्न बैंकिंग और संगठनात्मक पहलुओं पर विचार–विमर्श किया। इस दौरान पूर्व उप महाप्रबंधक चंद्रभूषण सिंह को एसोसिएशन की झारखंड राज्य इकाई का अध्यक्ष चुना गया।

****

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा घोषित और पिछले महीने की 22 तारीख से शुरू हुआ जीएसटी बचत उत्सव पूरे देश को लाभान्वित कर रहा है। हमारी संवाददाता ने बताया है कि जीएसटी सुधारों से गोआ के विभिन्न उद्योगों को मजबूती मिलेगी। एक रिपोर्ट –

****

राज्य में मॉनसून लौटने के कगार पर है और अगले तीन दिनों तक मौसम में बड़े बदलाव की संभावना नहीं है। मौसम विभाग के अनुसार, बंगाल की खाड़ी में हलचल से कहीं–कहीं बूंदाबांदी और बादल छाने की संभावना बनी रहेगी। वहीं, कल से आसमान सामान्यतः साफ रहेगा।

****

रांची के उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री की अध्यक्षता में आगामी 30 नवंबर को जेएससीए स्टेडियम में भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच होने वाले वनडे मैच की तैयारियों को लेकर महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में सुरक्षा, विधि–व्यवस्था और यातायात प्रबंधन को लेकर विस्तृत चर्चा की गई और अधिकारियों को सभी व्यवस्थाएं समय पर सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

****

खेलो झारखंड के तहत झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद द्वारा आयोजित दो दिवसीय राज्यस्तरीय इंडियन राउंड तीरंदाजी प्रतियोगिता का समापन कल रांची के खेलगांव स्थित शूटिंग रेंज–3 में हुआ। इस प्रतियोगिता में रांची जिला ने चौंपियन का खिताब जीता जबकि पश्चिमी सिंहभूम प्रथम उपविजेता और पूर्वी सिंहभूम द्वितीय उपविजेता रहा।

****

भुवनेश्वर में चल रही 40वीं राष्ट्रीय जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप के तीसरे दिन झारखंड के एथलीटों ने शानदार प्रदर्शन किया। अब तक झारखंड के खिलाड़ियों ने कुल 7 पदक जीते हैं, जिनमें 2 स्वर्ण, 3 रजत और 2 कांस्य शामिल हैं।

****

अब अख़बारों की सुर्खियां–

रांची से प्रकाशित लगभग सभी प्रमुख अखबारों ने बिहार विधानसभा में जदयु और भाजपा को बराबर सीटें मिलने की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

प्रभात खबर की सुर्खी है राज्य की तीन लाख 54 हजार छात्राओं के बैंक खातों में बंटेंगे दो सौ पचास करोड़ रुपये।

दैनिक भास्कर ने लिखा है कि झारखंड के 23 जिलों में बनेगी 500– 500 सीट वाली लाइब्रेरी।

हिन्दुस्तान ने राज्य के स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी के हवाले से लिखा है कि राज्य के सभी मेडिकल कॉलेजों में खुलेंगे हाइटेक फिजियोथेरेपी केन्द्र।

दैनिक जागरण के भाब्द हैं रांची बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर आपात स्थिति से निपटने के लिए बनेगा आइसोले”ान बे।

****